समाचार

# निगम के 30 कर्मचारियों को मिली पदोन्नति




कोरबा 10 सितम्बर 2026 – नगर पालिक निगम कोरबा के 30 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नति प्राप्त हुई है, आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर आदेश जारी कर इन कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की है।

नगर पालिक निगम कोरबा में स्टेनोग्राफर ग्रेड–3 के पद पर कार्यरत श्रीमती सुभाषिनी आशावान को स्टेनोग्राफर ग्रेड–2 के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार राजस्व निरीक्षक कुशल सिंह गोंड़ को सहायक राजस्व अधिकारी के पद पर पदोन्नत किये गये हैं, तो वहीं स्वच्छता निरीक्षक गिरवर प्रसाद विश्वकर्मा को वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के पद पर पदोन्नति मिली है, जबकि स्वच्छता पर्यवेक्षक सेवन राठौर स्वच्छता निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुये हैं। निगम के सहायक ग्रेड–2 के पद पर कार्यरत रहे रघुराम यादव, जनकराम हंसराज व श्रीमती तारा भगत को सहायक कार्यालय अधीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई हैं, तो वहीं राजस्व उप निरीक्षक पुखराज सिंह यादव, संजय ठाकुर, मनोज केशरवानी, उत्तम प्रसाद राठौर, भावेश यादव, देवनारायण पैकरा व देवव्रत आदित्य राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नत हुये हैं। इसी प्रकार सहायक ग्रेड–3 हिमाशु कुमार राठौर, अरूणकुमार वर्मा व श्रीमती नीलम दुबे को सहायक ग्रेड–2 के पद पर पदोन्नति मिली है। सहायक राजस्व निरीक्षक के पद पर कार्य कर रहे अवधराम लहरे, ओमप्रकाश श्रीवास, बृजेन्द्र सिंह बघेल, वेदराम राठौर, रामाधार सागर व करन पाण्डेय राजस्व उप निरीक्षक पद पर पदोन्नत हुये हैं, जबकि तकनीकी हेल्पर रामप्रसाद मिरी को सहायक ग्रेड–3 के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई है। इसी प्रकार

हेल्पर मजदूर घासीदास महंत, अवधकुमर बिंझवार, गीताबाई चन्द्रा, रामखिलावन साहू, इम्तियाज अली व रामायण प्रसाद श्रीवास को सहायक राजस्व निरीक्षक के पदा पर पदोन्नति मिली है।